प्रिय साथियों

सर्वप्रथम मैं आपको व आपके परिवार को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और यह कामना करता हूँ कि प्रकाश का यह पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि व आनन्द की सौगात लेकर आए ।

आज पूरे देश में सुखद भविष्य की आशा का माहौल है । मैं इस महान देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति आश्वस्त हूँ और आशा करता हूँ कि देशवासी इस सुखद भावना का अनुभव करते रहेंगे ।

मुझे न केवल भारत का अपितु हमारी सहकारी संस्था इफको जिसे हमने वर्षों की मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचाया है, का भविष्य उज्ज्वल व खुशहाल नज़र आ रहा है। हमारे सामने चुनौतीपूर्ण समय भी आया लेकिन हमने एकजुट होकर हर चुनौती का सामना किया। हमारी एकजुटता, कर्तव्यनिष्ठा का ही यह परिणाम है कि इस वर्ष हमारा कार्यनिष्पादन बहुत अच्छा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम ₹1000 करोड़ से अधिक लाभ अर्जित करेंगे।

हमारे लिए प्रसन्नता की बात यह भी है कि कई वर्षो के अंतराल के बाद इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) के निदेशक मंडल में इफको को प्रतिनिधित्व मिला है। यह इफको के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि हमारे युवा तथा उत्साही निदेशक श्री आदित्य यादव आईसीए के ग्लोबल बोर्ड में इफको तथा भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे ।

हमने यह स्थान हाल ही में इस पद के लिए क्यूबेक में हुए निर्वाचन में कड़े मुकाबले में हासिल किया है। इस मुकाबले में हमने अमेरिका तथा यूरोप के प्रतिनधियों को मात दी।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सहयोगी व सहायक कम्पनियां बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। हमारा जिफको संयंत्र पूरी तरह चालू होने वाला है। इस संयंत्र में उत्पादन शुरू हो गया है और यहां से फास्फोरिक एसिड का प्रेषण आरम्भ हो गया है। आईसीएस, सिनेगल अपने नये भागीदार के साथ पुनर्जीवन प्राप्त करने की राह पर अग्रसर है ।

मित्रों, अगर हम अपनी समृद्धि व खुशहाली को अपने स्वभाव व आसपास के वातावरण की स्वच्छता के साथ जोड़कर चलें तो इसमें चार चांद लग जाएंगे। इसी प्रयोजन से इफको ने स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए पूरे दिल से सहयोग प्रदान करने का निर्णय किया है और इफको ने "स्वच्छ भारत अभियान" के लिए प्रतिवर्ष रुपये ₹10 करोड़ का योगदान करने का संकल्प किया है । आइए, हम सभी इस मुहिम से जुड़ें और स्वच्छ व हरित भारत के निर्माण में योगदान दें। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारी सहकारी समितियां भी हमारे साथ इस मुहिम में शामिल होंगी।

हमारे चारो तरफ हो रहे विकास में निःसंदेह संप्रेषण का विशिष्ट योगदान है। आज परम्परागत मार्ग का अनुसरण करने वाली संस्थाएं भी अपने प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही हैं। इफको भी अपवाद नहीं है । मेरा आप सभी से अनुरोध है कि आप भी सोशल मीडिया का पूरा लाभ उठाएं और सावधानी बरतते हुए संस्था से संबंधित सकारात्मक सूचनाएं जन-जन तक पहुंचाएं ।

मैं पुनः आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूँ और ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वह आपके ऊपर अपनी कृपा बनाए रखें ।

शुभ दीपावली

डॉ० उदय शंकर अवस्थी
प्रबंध निदेशक
20 अक्तूबर, 2014
नई दिल्ली

IFFCO
पूर्णतः सहकारी स्वामित्व

इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड
www.iffco.in , www.iffco.coop